प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

'श्री अन्न' पर दो–दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

पन्तनगर। 12 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय (गृहविज्ञान) के खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग एवं प्रसार शिक्षा निदेशालय द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित, 'श्री अन्न की पोषण एवं स्वास्थ्य क्षमता, विविधता, प्रसंस्करण एवं मूल्यवर्धन' विषय पर दो–दिवसीय कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के दूसरे दिन, प्रतिभागियों मिलेट्स के मूल्यवर्धन एवं विभिन्न एवं आधारित उत्पादों जैसे बिस्कुट, केक, ब्रेड, मफिन्स, पिज्जा बेस आदि बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इस सत्र का नेतृत्व बेकरी विशेषज्ञ श्रीमती मीनू गर्ग द्वारा किया गया। साथ ही साथ खाद्य विज्ञान एवं पोषण विभाग के डा. अर्चना कुशवाहा एवं डा. नीतू डोभाल द्वारा प्रतिभागियों को उत्पादों के पौष्टिक महत्व की जानकारी भी दी। प्रतिभागियों के ज्ञानवर्धन हेतु एक मुख्य व्याख्यान का आयोजन भी किया गया जिसमें संतोष मेडिकल कालेज गाजियाबाद के सामान्य चिकित्सा विभाग के प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डा. अशोक कुमार द्वारा मिलेट और उसके स्वास्थ लाभ पर चर्चा की गयी।

कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि डा. के.पी. रावेरकर, कुलसचिव ने अध्यक्षीय संबोधन प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कार्यशाला को सिर्फ एक शिक्षात्मक अनुभव ही नहीं बल्कि एक पारिवारिक व सांझा अनुभव बताया जिसमें सभी ने एक दूसरे से सीखा और ज्ञान साझा किया। उन्होंने मिलेट्स आधारित खाद्य उत्पादों की प्रर्दशनी की भी सराहना की और कहा कि इस प्रदर्शनी में सभी की भागीदारी से पता चलता है कि हमारे किसान, गैर सरकारी संगठन, स्वंय सहायता समूह, छात्र एवं संस्थान, सभी हमारे देशी मिलेट्स को वापिस अस्तित्व में लाने के लिए उत्साहित हैं। उन्होनें आयोजन समिति के सभी सदस्यों को इस कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यशाला में डा. संजय चौधरी ने बताया कि इस तरह की कार्यशाला को के.वी.के. स्तर पर करने की बात कही जिससे किसानों को लाभ प्राप्त हो सके। एनजीओं की महिला सदस्य ने मोटे अनाजों से सम्बन्धित एक लघु वीडियों तैयार कर उपलब्ध कराने की बात कही जिससे वहां के ग्रामीणों को जागरूक किया जा सके।

समापन समारोह में डा. बी.डी. सिंह, प्रभारी अधिकारी समेटी द्वारा स्वागत संबोधन दिया गया। कार्यशाला की सह संयोजक डा. नीतू डोभाल ने कार्यशाला का अवलोकन व रिर्पोट प्रस्तुतिकरण किया जिसमें उन्होनें दो दिवसीय कार्यशाला के प्रत्येक चरण का वर्णन किया। डा. आर के शर्मा, कार्यवाहक निदेशक प्रसार शिक्षा और अधिष्ठात्री सामुदायिक विज्ञान (गृह विज्ञान) डा. अल्का गोयल ने भी समापन समारोह में संबोधन प्रस्तुत किया एवं सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनायें दीं। अंत में कार्यशाला के प्रतिभागियों और आयोजकों को प्रमाण–पत्र वितरित किये गये। कार्यशाला की सह संयोजक व विभागाध्यक्ष प्रसार शिक्षा एवं संचार प्रबन्धन विभाग डा. अनुपमा पाण्डे ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यशाला में प्रतिभागियों को प्रमाण–पत्र वितरित करते कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर एवं अन्य।